सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-356**
13/08/2018

लोकसभा के पूर्व स्पीकर सोमनाथ चटर्जी के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 13 अगस्त, 2018 :– लोकसभा के पूर्व स्पीकर सोमनाथ चटर्जी के निधन पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि वे 10 बार लोकसभा सांसद रहे। सोमनाथ चटर्जी उच्च राजनीतिक मूल्यों एवं आदर्शों के लिए जाने जाते थे। अपने उत्कृष्ट राजनीतिक मूल्यों के कारण सोमनाथ चटर्जी आम सहमति से लोकसभा के अध्यक्ष बने। अध्यक्षीय कार्यकाल में सोमनाथ चटर्जी ने लोकसभा के शून्य काल का लाइव प्रसारण शुरू कराया। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं समर्थकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******